भूमि पूजन | गाडरवारा के विकास को लगे पंख : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को दिया भूमि पूजन का न्यौता

# 20,446 करोड़ की एनटीपीसी विस्तार परियोजना को मंजूरी

**नवभारत/ नरसिंहपुर/चीचली।** जिले की गाडरवारा विधानसभा के लिए आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है। क्षेत्र के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने गाडरवारा एनटीपीसी लिमिटेड के सुपर थर्मल पावर स्टेशन की 1,600 मेगावाट क्षमता वाली विस्तार इकाई को आधिकारिक मंजूरी दे दी है। लगभग 20,446 करोड़ रुपये की लागत वाले इस महाप्रोजेक्ट के भूमि पूजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर उन्हें आमंत्रित किया है।

विकास का पावर हाउस बनेगा गाडरवारा इस महापरियोजना की स्वीकृति में क्षेत्रीय विधायक और मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री उदयप्रताप सिंह की भूमिका अत्यंत प्रभावी रही है। मंत्री सिंह लंबे समय से गाडरवारा को ऊर्जा और औद्योगिक हब बनाने के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर सतत सक्रिय थे। उनके विजन और प्रभावी पैरवी के चलते ही इतनी बड़ी राशि का निवेश अब क्षेत्र की धरा पर उतरने जा रहा है।



## युवाओं को अवसर

रोजगार और बुनियादी ढांचे को मिलेगी नई गति नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि यह परियोजना न केवल गाडरवारा बल्कि पूरे महाकौशल अंचल की तस्वीर बदल देगी। युवाओं को अवसर परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। स्थानीय बाजार का उत्थान भारी निवेश से स्थानीय व्यापार, परिवहन और होटल व्यवसाय को नई मजबूती मिलेगी। बुनियादी विकास- थर्मल पावर स्टेशन के विस्तार के साथ ही क्षेत्र में सीएसआर (CSR) गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कों का जाल बिछेगा।

## मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने वितरित किए 24 लाख के सहायता पत्र

**गाडरवारा।** मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री और क्षेत्रीय विधायक राव उदय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्र के विकास और जन-कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। स्थानीय सेवा सदन, लक्ष्मी टाउनशिप में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान मंत्री सिंह ने तहसील क्षेत्र के विभिन्न प्रकरणों में मृतक हितग्राहियों के आश्रितों को आर्थिक सहायता राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए। कुल 6 परिवारों को 24 लाख रुपये की राहत राशि प्रदान की गई है।

**इन परिवारों को मिला संबल**

कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 6 हितग्राहियों को सहायता राशि के प्रमाण पत्र सौंपे गए। प्रत्येक प्रकरण में 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। सहायता प्राप्त करने वालों में शामिल हैं

- भागवती (पत्नी स्वर्गीय रोहित ठाकुर, ग्राम खकरिया)
- निशा (पति विजय मेहरा)
- लक्ष्मीबाई ठाकुर (पति अरविंद ठाकुर)
- प्रभारानी गौंड
- चेतराम काछी
- डालचंद साहू

## जनभावनाओं की जीत

उदयप्रताप सिंह इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री उदयप्रताप सिंह ने कहा, गाडरवारा को औद्योगिक रूप से समृद्ध बनाना मेरा संकल्प है। यह परियोजना आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगी। प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी का आभार, जिन्होंने क्षेत्र की जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस महाप्रोजेक्ट को स्वीकृति दी। क्षेत्र में जश्न का माहौल जैसे ही एनटीपीसी के विस्तार की खबर गाडरवारा पहुँची, पूरे विधानसभा क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इसे विकास की नई इबारत करार दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस विस्तार के बाद गाडरवारा देश के चुनिंदा ऊर्जा केंद्रों में शुमार हो जाएगा, जिससे राज्य के राजस्व में भी बड़ी बड़ोतरी होगी।





# जल संकट और जर्जर सड़कों से किसान बेहाल

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर की कृषि उपज मंडी इन दिनों प्रशासनिक उदासीनता और घोर लापरवाही के कारण बदहाली के आंसू रो रही है। मंडी परिसर में बुनियादी सुविधाओं का अभाव किसानों, व्यापारियों और मजदूरों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। शासन-प्रशासन के बेहतर व्यवस्थाओं के दावे जमीनी हकीकत से कोसों दूर नजर आ रहे हैं। परिसर में जल प्रबंधन की स्थिति बेहद चिंताजनक है। एक तरफ मुख्य टंकी से हजारों लीटर पानी चौबीसों घंटे व्यर्थ बह रहा है, तो दूसरी तरफ कई नलों में बूंद भर पानी उपलब्ध नहीं है। नलों में टोंटियाँ न होने के कारण उन्हें लकड़ियों के सहारे बंद करने का प्रयास किया गया है, जो कुप्रबंधन की पराकाष्ठा है। पेयजल की स्वच्छता को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पानी की टंकी की महीनों से सफाई न होने के कारण उसमें काई और गंदगी जमा है, जिससे संक्रमण और बीमारियां फैलने का खतरा बड़ गया है।0 व्यवस्थाओं के साथ-साथ अधोसंरचना भी दम तोड़ रही है। मंडी के भीतर की सड़कें पूरी तरह उखड़ चुकी हैं और जगह-जगह बिखरी कंक्रीट निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगा रही है। जर्जर सड़कों के कारण अनाज से लदे वाहनों के पलटने का भय बना रहता है। स्थानीय किसानों और व्यापारियों का कहना है कि बार-बार अवगत कराने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं, पानी की किल्लत के कारण उन्हें बाहर से पानी खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं, ग्रामीणों ने नई सड़कों के कुछ ही समय में उखड़ने को भ्रष्टाचार का नतीजा बताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सामाजिक एकता का शंखनाद 19 को साहू समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी होंगे शामिल

**नवभारत/ गोटेगांव।** साहू समाज की एकता, अखंडता और समरसता को मजबूती देने के लिए आगामी 19 जनवरी 2026, सोमवार को ग्राम इमलिया में एक विशाल सामाजिक एकता समारोह का आयोजन किया जा रहा है। साहू समाज उत्थान मंडल गोटेगांव एवं ग्रामीण समिति के तत्वाधान में आयोजित यह कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ होगा। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर विचार-मंथन करना और युवाओं व महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। आयोजन की गरिमा बड़ाने के लिए राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के मध्य प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू और प्रदेश महामंत्री बाबूलाल साहू




विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इनके साथ ही मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रवि करण साहू भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इमलिया जोन के सामाजिक बंधुओं ने संपूर्ण गोटेगांव ब्लॉक के स्वजातीय नागरिकों, माताओं-बहनों और युवा साथियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इस आयोजन को सफल बनाने की भावपूर्ण अपील की है।

## ब्रह्माकुमारी ने लगाई नशा मुक्त भारत अभियान की आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** बरमान मेले में ब्रह्माकुमारी के तत्वावधान में आध्यात्मिक ज्ञान प्रदर्शनी एवं नशा मुक्त भारत अभियान का गरिमामयी आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल एवं आदरणीय बीके प्रीति दीदी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान विधायक पटेल ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बी के अर्पिता दीदी ने विधायक को सृष्टि चक्र के गहरे रहस्यों और ब्रह्मांडीय ज्ञान से अवगत कराते हुए बताया कि आज का मनुष्य अपनी वास्तविक पहचान और आंतरिक शक्तियों को पूरी तरह भूल चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो मानव पूर्व में अपने दिव्य गुणों के कारण देवता स्वरूप था



वह समय के साथ संस्कारों के क्षय के कारण आज एक साधारण और अशांत मनुष्य बनकर रह गया है।इसी क्रम में अर्पिता दीदी ने सृष्टि चक्र के माध्यम से समझाया वर्तमान समय कलियुग का बिल्कुल अंतिम चरण चल रहा है। उन्होंने संगम युग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार भक्ति मार्ग में संगम स्नान का महत्व है उसी प्रकार ज्ञान मार्ग में यह वह समय है जब स्वयं परमात्मा का धरा पर अवतरण हो चुका है ताकि वे पुरानी दुनिया को बदलकर फिर से स्वर्णिम सतयुग की स्थापना कर सकें। प्रदर्शनी के माध्यम से श्रद्धालुओं को राजयोग द्वारा नशे जैसी बुराइयों को त्यागने का संकल्प भी दिलाया गया। इस सेवा के सफल आयोजन में ब्रह्माकुमारी ज्योति बहिन ब्पलक बहिन निशा बहिन और मुकेश भाई सहित अन्य बीके भाई बहनों ने सक्रिय रूप से उपस्थित रहकर जन जन तक ईश्वरीय संदेश पहुँचाने में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे रहे हैं। विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने ब्रह्माकुमारी के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के उत्थान के लिए एक सराहनीय कदम बताया। संस्थान की प्रतिनिधि बीके प्रीति दीदी ने प्रदर्शनी के उद्देश्य और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को जागरूक करना और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों से बचाना संस्थान का मुख्य उद्देश्य है

## थल सेना दिवस पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने लिया देश सेवा का संकल्प

**नवभारत/ गोटेगांव।** विगत दिवस स्थानीय सांदीपनी विद्यालय में 15 जनवरी को थल सेना दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक विशेष सेमिनार का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कैडेट्स ने भारतीय सेना के शौर्य को नमन करते हुए राष्ट्र सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। फील्ड मार्शल करिअप्पा के योगदान का स्मरण सेमिनार के दौरान एनसीसी अधिकारी मनोज कुमार जैन ने भारतीय सेना के प्रथम कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा के ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, सार्जेंट मेजर पूनम ठाकुर ने देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति




देने वाले परमवीर चक्र विजेताओं के अदम्य साहस और बलिदान को याद कर कैडेट्स में देशभक्ति का जज्बा भरा। डिजिटल सुरक्षा और आधुनिक सैन्य तकनीक पर चर्चा कार्यक्रम में कारपोरल शिवम ने वर्ष 2026 के थल सेना दिवस के मुख्य विषय नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता पर अपने विचार साझा किए।

### एक नजर में

## निकलेगी मां नर्मदा की चुनरी यात्रा

**नवभारत/ गाडरवारा।** हमारे क्षेत्र की जीवन दायिनी मां नर्मदा के प्रगट उत्सव को लेकर मां नमामि नर्मदा भक्त समिति के द्वारा स्थानीय छिड़ाव घाट स्थित देव शंकर मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समिति सदस्यों द्वारा बसंत पंचमी पर दोपहर 2 बजे छिड़ाव घाट स्थित मां नर्मदा जी के मंदिर से शहर के मुख्य मार्गों चावड़ी,महावीर भवन,शक्ति चौक,सब्जी मंडी, पुरानी गल्ला मंडी,झण्डा चौक होते हुए प्रभु निवास स्थित मां नर्मदा मंदिर में माई की महाआरती एवं प्रसादी वितरण के उपरांत चुनरी यात्रा का संपन्न होगा। साथ ही नर्मदा जयंती 25 जनवरी के अवसर पर स्थानीय ककराघाट पर पूजा अर्चना, महाआरती, चुनरी अर्पण एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के राव संदीप सिंह ने पूर्व वर्षों की कार्ययोजना को प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिछले 25 वर्षों निरंतर नर्मदा भक्तों के सहयोग से भंडारा प्रसादी कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। जिसमें हर वर्ष 10 हजार से अधिक भक्तजन भोजन प्रसादी ग्रहण करते है। एवं मां नर्मदा चुनरी यात्रा का यह 12 वा वर्ष है। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश सैनी,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश राय,राजेश शर्मा,अवधेश रूसिया,पूर्व पार्षद गोपाल विश्नोई , आशीष गुप्ता,मोनू बरहैया ,आशीष राजपूत,आदित्य शर्मा,सचिन जैन ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर किशोर बजाज , मोनू पर्लरया,बिंदा छीपा,लखन साहू , शिवम बरहैया,शिवम चौकसे ,कमलेशआगरे,शीतल राय,अमन जैन,कपिल छीपा,राकेश कुशवाहा इत्यादि बैठक में उपस्थित रहे। बैठक का आभार समिति सदस्य आशीष राय ने व्यक्त करते हुए समस्त मां नर्मदा भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उक्त आयोजन में उपस्थिति की अपील भी की।

## माघ स्नान आध्यात्मिक ऊर्जा का दाता

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** हमारी धार्मिक परम्परा में माघ का महीना विशेष पुण्यप्रद एवं पवित्र माना जाता है। यह महीना सनातन मतावलंबियों के लिए उनके प्रमुख गणेश सूर्य विष्णु शिव एवं दुर्गा आदि पांच देवताओं की उपासना का पर्व है। संकष्टी गणेश व्रत, षट्तिला एकादशी मकर संक्रांति मौनी अमावस्या गुप्त नवरात्रि व्रत पर्व बसंत पंचमी माघी पूर्णिमा आदि ऐसे पर्व हैं जो कि पंचदेव उपासना के लिए विशेष महत्वपूर्ण है। इस महीने में पवित्र नदियों और संगम आदि तीर्थ क्षेत्र में स्नान दान साधना का विशेष महत्व है। हमारे क्षेत्रीय विद्वान पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण एवं ज्योतिषाचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि माघ का महीना आत्म शुद्धि स्वास्थ्य लाभ आध्यात्मिक उन्नति के साथ आत्म निरीक्षण और संयम को प्रदान करता है।



## ढिंगसरा में राज्य स्तरीय चौपड़ प्रतियोगिता

**नवभारत/ गाडरवारा-सालीचौका।** के पास ग्राम ढिंगसरा में राज्य स्तरीय विशाल चौपड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अनोखी प्रतियोगिता के प्रारम्भ में कि चौपड़ हमारा परंपरागत और पुरातन खेल है। जिससे लोगों में समन्वयता एकता और एक दूसरे के साथ सीखने को बहुत कुछ मिलता है। गणनाओं से दिमाग की तंदुरुस्ती भी होती है जिस तरह से बाहरी खेल शारीरिक मजबूती के लिए होते हैं। इस तरह से चौपड़ पांसे आदि खेल दिमाग की मजबूती के प्रतीक माने जाते हैं। उक्त चौपड़ प्रतियोगिता के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में नर्मदापुरम नरसिहपुर सांसद दर्शन सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी विनीत माहेश्वरी, सहित अन्य जन जिनमें मोहरकांत पटेल गुर्जर, कीरत सिंह पटेल दादा भैया नन्ही बमोरी, निरंजन पटेल,राहुल कौरव धहलवाडा, जयनारायन पटेल, महेंद्र तोमर आडेगाव,आदि की उपस्थिति रही। कार्य कारिणी ग्राम ढिंगसरा के सभी ग्रामीण जनों एवं चौपड़ प्रतियोगिता के खिलाड़ी और सभी ग्रामीण जन मौजूद रहें आसपास के जिले और ग्रामो से चौपड़ पाँसे के जानकार खेल प्रेमी और दर्शक गण काफी हर्षित दिखे।

## वीबी-जी राम जी योजना गांवों को समृद्ध बनाएगी

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा स्थानीय सावित्री सिग्नेचर होटल में वीबी-जी राम जी बिल को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को मध्यप्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण व जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, महेन्द्र नागेश जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़िया, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, वीबीजी रामजी के जिला सहसंयोजक संतोष दुबे, मोहरकांत गुर्जर, धनंजय पटैल, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा मंचस्थ रहे। वीबी-जी रामजी योजना में 125 दिन के रोजगार की गारंटी, मनरेगा में मिलता था सिर्फ 100 दिन का काम प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहां कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की




दूरदर्शी सोच का प्रतिफल है वीबी-जी रामजी जी योजना। वीबी-जी रामजी योजना वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार कर गांवों को समृद्ध बनाएगी। इस योजना में 125 दिन के रोजगार की गारंटी है, जबकि मनरेगा में सिर्फ 100 दिन काम मिलता था। नई योजना में भुगतान 7 दिनों में किया जावेगा। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास में मील का पत्थर साबित होगी। कांग्रेस के शासनकाल की अपेक्षा मोदी जी ने इस योजना पर ज्यादा खर्च किया है। मनरेगा में अब तक 11.74 लाख करोड रूपये खर्च हुए जिसमें मोदी सरकार द्वारा 8.53 लाख करोड़ रूपये खर्च किये गए है। कांग्रेस के समय जहां 35 हजार करोड़ मिलते थे, जिसे बड़ाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 74 हजार करोड़ किया और अब सुधारों के साथ लागू की जा रही इस योजना का बजट बड़ाकर 95 हजार करोड़ कर दिया है। बजट में यह बड़ोत्तरी कांग्रेस के शासनकाल के समय से लगभग तीन गुना अधिक है। प्रधानमंत्री जी महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को जमीन पर उतार रहे हैं।

# निधान

## अमोल चौधरी

**तेंदूखेड़ा।** गत दिवस देवरी राजमार्ग निवासी प्रतिष्ठित चौधरी परिवार के अमोल सिंह चौधरी बड्डे भैया का इलाज के दौरान समय दुखद निधन हो गया। जिन्हें क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।बड्डे भैया मनीष कुमार एडवोकेड वीर बहादुर नीलेश के पिता एवं बिक्रम सिंह सतीश पटैल के बडे पिता संतोष कुमार पटैल सुमन पटैल के चाचा थे।

## सोना बाई जैन

**तेंदूखेड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित विलगुंवा वाले जैन जिनेश कुमार मनोज अनिल जैन की माता सोना बाई जैन का दुखद निधन हो जाने पर नगर के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

## छोटे लाल बरकडे

**तेंदूखेड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक बालक शाला तेंदूखेड़ा संकुल की शासकीय प्राथमिक शाला भौरपानी में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक छोटेलाल बरकड़े का विगत 31 दिसंबर का अनुविभागीय राजस्व कार्यालय के सामने बाइक चलाते हुए एक कार से एक्सीडेंट हो गया था । जो 15 दिनों से जीवन और मृत्यु से संघर्ष कर रहे थे। 60 वर्षीय श्री बरकड़े अंततः 16 जनवरी को मृत्यु से हार गये। जिनको आज 17 जनवरी उनके गृहनगर बालाघाट में अंतिम विदाई दी जाएगी।सेवा भावी सहज सरल छोटे लाल बरकडे का हर वर्ग से सीधा जुड़ाव था।

प्रतियोगिता | अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता, विधायक कप चैम्पियन ट्राफी 2026 का आयोजन

# आज सिवनी बनापुरा ओर प्रयागराज के बीच मुकाबला

**नवभारत/गाडरवारा ।** रुद्र मैदान पुराने कालेज ग्राउंड पर खेल दर्शक क्रिकेट प्रतियोगिता का भरपूर आनंद ले रहे हैं लाईन्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता चेम्पियन ट्राफी 2026 विधायक कप का आयोजन किया गया है । प्रतिदिन मैच देखने के लिए शहर सहित ग्रामीण अंचल के खेल दर्शक भारी संख्या में पहुंच रहे हैं । शुक्रवार को पूल ए का पहला सेमीफाइनल मैच दिल्ली और मथुरा के बीच खेला गया टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया । निर्धारित 20 ओवर के मैच में मथुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 158 रन बनाए । मथुरा के बल्लेबाज गौरव कुमार ने 10 वॉल में 6 रन, अंकित ने 1 वाल 0 रन, राहुल 1वाल 0 रन , राहुल जैक्सन 21 बाल 34 रन 3 छक्का 2 चौका, कन्हैया 27 बाल 32 रन 2छक्का 2 चौका, सूरज



8बाल 10 रन 2 चौका, हरभजन 12बाल23 रन 2छक्का, 2 चौका, विनय 35 बाल 21 रन 2 चौका, अनिल 1बाल 1रन, राका चतुर्वेदी कोई रन नही । दिल्ली की ओर से वॉलिंग करते हुए कुलदीप 4 ओवर 35 रन 2 विकेट , निखिल 4 ओवर 25 रन 3 विकेट, दीपेंद्र 4 ओवर 23 रन 0 विकेट, प्रियांशु 4 ओवर 52 रन 0 विकेट, विनायक 4 ओवर 18 रन 2 विकेट लिए । जवाबी पारी खेलते हुए दिल्ली क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज निखिल ने 10 बॉल में 7 रन 1चौका, आयुष 42 बाल 66 रन 3 छक्का 6 चौका, दीपेश 23 बाल 45 जिसमे 2छक्का 4 चौका, विनायक 4 बाल 7 रन 1 चौका की सहायता से बनाये । 17 वे ओवर में 159 रन बनाकर दिल्ली ने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है । मथुरा की ओर से बॉलर सूरज 4ओवर 33रन 2विकेट, राका 3,1 ओवर 20 रन 0 विकेट, अंकित 1ओवर 22 रन 1विकेट, सुभाग्य1ओवर7 रन0 विकेट, राहुल3 ओवर 32 रन 1विकेट, अनिल1ओवर10 रन 1विकेट, राहुल 3 ओवर 50रन 0विकेट मथुरा के गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए ।

### पुरस्कार वितरित

कमेंट्री राजेश त्रिपाठी, इल्यास खान व स्कोरिंग सुभी लाला, विकास पटेल ने की । इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2 लाख नगद व कप, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 1 लाख नगद व कप समाजसेवी योगेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार मालपानी द्वारा, प्रत्येक मैच का मेन ऑफ द मैच - आकर्षक ट्राफी एवं नगद 21 सौ अन्नू शर्मा (ज्वारा) द्वारा, मेन ऑफ दी सीरीज 21 हजार चन्द्रकांत शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा व सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्वर्गीय कमल कोचर की स्मृति में पुरस्कार दिए जाएंगे । संस्कार पैलेस द्वारा भी आयोजन में विशेष सहयोग दिया गया है । बी पूल का आज का पहला मैच सिवनी बनापुरा ओर प्रयागराज के बीच सुबह 11बजे से खेला जाएगा ।




## एमआईएमटी में कम्युनिटी लंच आयोजित

**नवभारत/ नरसिंहपुर ।** नियमित, अनुशासन एवं प्रोत्साहन को आत्मसात करते हुए एम.आई.एम.टी. कॉलेज में स्वामी विवेकानन्द जी के आदर्शो एवं महात्मा गांधी की सामाजिक समरसता की अवधारणा के साथ दो दिवसीय कम्युनिटी लंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस बायो साइंस विभाग, कला एवं समाज कार्य विभाग तथा लॉ कॉलेज के द्वारा आयोजित कम्यूनिटी लंच के शुभारंभ सत्र का आयोजन फादर एंटो अचन समन्वय परिवार सच्चिदानंद आश्रम नरसिंहपुर के मुख्य आतिथ्य, डॉ. सुधीर सिंघई अध्यक्ष समन्वय परिवार नरसिंहपुर की अध्यक्षता, वरिष्ट साहित्यकार अजय तुलसी एवं एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर के चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी, के विशिष्ट आतिथ्य, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग एवं उपप्राचार्य डॉ. एस.एन. राव की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फादर एंटो ने जीवन में सामाजिक समरसता एवं आत्मबल के महत्व की विस्तार से व्याख्या की। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. सिंघई द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में सामूहिक भोज जैसे कार्यक्रमों के आयोजनों से उत्कृष्ट समाज निर्माण पर जोर दिया।